प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 05.09.2023

लूट के आरोप में वांछित/फरार अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर के नेतृत्व में, उ0नि0 दुर्गेश कुमार शुक्ला मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 388/2021 धारा 392 भादवि थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर से सम्बन्धित फरार/वांछित अभियुक्त शिवनाथ उर्फ नाटे निषाद पुत्र लक्ष्मण निवासी मीरगंज बंगला टोला थाना पिपराईच गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण- वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 02.09.2021 को थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया कि वादी का मोबाईल हिरो होण्डा स्प्लेण्डर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आकर छिन कर भाग जाया गया। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 388/2021 धारा 392 भादवि पंजीकृत किया गया था। पूर्व में 02 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है एवं अन्य एक वांछित/फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

शिवनाथ उर्फ नाटे निषाद पुत्र लक्ष्मण निवासी मीरगंज बंगला टोला थाना पिपराईच गोरखपुर

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 388/2021 धारा 392 भादवि थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. मु0अ0सं0 456/19 धारा 147,308,323,325,341,504,506 भादवि थाना पिपराईच जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का नाम-

1. प्र0नि0 शशि भूषण राय थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 दुर्गेश कुमार शुक्ला थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
3. कां0 धनंजय कुमार पाण्डेय थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर